बिहार के 10 शहरों के विकास के लिये बनाई गई प्लानिंग एरिया अथॉरिटी

चर्चा में क्यों?

28 मार्च, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने दस नये विस्तारित शहरों की प्लानिंग एरिया अथॉरिटी (आयोजना क्षेत्र प्राधिकार) को अधिसूचित कर दिया है, जिनमें नवादा, मधेपुरा, भागलपुर, जहानाबाद, गोपालगंज, बांका, सोनपुर, शेखपुरा, सुपौल और अरवल शामिल हैं।

प्रमुख बिंदु

- नये विस्तारित शहरों की प्रत्येक प्लानिंग एरिया अथॉरिटी में संबंधित ज़िले के डीएम अध्यक्ष, जबकि संबंधित प्लानिंग एरिया अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सदस्य सचिव बनाए गए हैं।
- इनके अलावा, संबंधित ज़िले के उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता (राजस्व), पथ निर्माण, पीएचईडी और ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित कार्यपालक अभियंता, संबंधित क्षेत्र में आने वाले नगर निकाय के कार्यपालक अभियंता, मुख्य नगर निवेशक तथा क्षेत्रीय निवेश संगठन या उनके प्रतिनिधि और नगर निवेशन का विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को अथॉरिटी का पदेन सदस्य बनाया गया है।
- प्लानिंग एरिया अथॉरिटी पर विस्तारित क्षेत्र के लिये मास्टर प्लान के साथ ही अन्य विकास योजनाओं की तैयारी, इसके क्रियान्वयन और अन्य नियमानुकूल कार्रवाई की जिम्मेदार होगी। इससे संबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के निर्माण के लिये नक्शा भी अथॉरिटी ही पास करेगी।
- विदित है कि विभाग ने करीब दो महीने पहले ही संबंधित निकाय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों को जोड़कर इन 10 आयोजना क्षेत्रों को अधिसूचित किया था। अब अथॉरिटी बनने से इन क्षेत्रों के विकास में तेजी आएगी।
- उल्लेखनीय है कि राज्य में पहले से 33 प्लानिंग एरिया अथॉरिटी अधिसूचित हैं। दस नये प्लानिंग एरिया की अथॉरिटी अधिसूचित होने पर इनकी कुल संख्या बढ़कर 43 हो गई है।
- अधिकारियों के मुताबिक प्लानिंग एरिया अथॉरिटी के फंक्शनल होने से संबंधित क्षेत्र का शहरीकरण तेज होगा और उनमें व्यावसायिक व आवासीय गतिविधियाँ बढ़ेंगी।
- डीएम की अध्यक्षता में गठित यह कमेटी सबसे पहले सर्वे कर क्षेत्र का मास्टर प्लान तैयार करेगी। फिर इलाके की विशेषताओं के मुताबिक शहरीकरण के तत्त्वों को बढ़ावा देगी। इसके अंतर्गत चयनित बड़ी योजनाओं की अनुशंसा राज्य सरकार से की जाएगी ताकि उसके लिये आवश्यक राशि का प्रबंध किया जा सके।
- राज्य के इन 43 नये शहरों में प्लानिंग अथॉरिटी गठित की गई है, जिसके अंतर्गत आरा, अररिया, औरंगाबाद, बगहा, बेगूसराय, बेतिया, भभुआ, बिहारशरीफ, बोधगया, बक्सर, छपरा, दरभंगा, डेहरी, फारबिसगंज, गया, हाजीपुर, जमुई, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, मधुबनी, मोतिहारी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पटना, पूर्णिया, राजगीर, सहरसा, सासाराम, शिवहर, सीतामढ़ी, सीवान, नवादा, मधेपुरा, भागलपुर, जहानाबाद, गोपालगंज, बांका, सोनपुर, शेखपुरा, सुपौल और अरवल ज़िले शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/planning-area-authority-formed-for-the-development-of-10-cities-of-bihar